# 10052 - मासिक धर्म वाली महिला कब रोज़ा रखेगी?

### प्रश्न

मेरी मासिक अवधि आमतौर पर सात और आठ दिनों के बीच रहती है। कभी-कभी सातवें दिन मुझे कोई रक्त नहीं दिखता है, और न ही मुझे पवित्रता (अवधि की समाप्ति) का कोई संकेत दिखाई देता है। तो ऐसी स्थिति में, नमाज़ पढ़ने, रोज़ा रखने और संभोग के संदर्भ में क्या हुक्म है?

### विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

आप जल्दबाज़ी न करें जब तक कि आप वह सफेद निर्वहन न देख लें, जिसे महिलाएँ पहचानती हैं और जो शुद्धता (अवधि की समाप्ति) का संकेत है। क्योंकि रक्तस्राव के बंद होने का मतलब यह नहीं है कि मासिक धर्म से पवित्रता हासिल हो गई। बल्कि यह पवित्रता के संकेत को देखने और (मासिक धर्म की) सामान्य अवधि के बीतने से पता चलता है।